छत्तीसगढ़ विधानसभा
पत्रक भाग-एक
संक्षिप्त कार्य विवरण
सोमवार, दिनांक 6 दिसम्बर, 2010
(अग्रहायण-15, शक संवत् 1932)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

(अध्यक्ष महोदय (श्री धरम लाल कौशिक) पीठासीन हुए।)

1. राष्ट्रगीत

सदन में **वन्दे मातरम्** की धुन बजाई गई ।

2.निधन का उल्लेख

माननीय अध्यक्ष ने श्री मदनलाल साहू, छत्तीसगढ़ की तृतीय विधान सभा के सदस्य, श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष, मध्यप्रदेश विधान सभा एवं श्री प्यारेलाल बेलचंदन, अविभाजित मध्यप्रदेश विधान सभा के पूर्व सदस्य, के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किए ।

मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य सर्वश्री दूजराम बौद्ध, ताम्रध्वज साहू, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, श्री विरेन्द्र कुमार साहू ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किए।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.35 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनाँक 7 दिसम्बर, 2010 (अग्रहायण 16, शक संवत् 1932) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

देवेन्द्र वर्मा
सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा